23.6.23

प्रथम पक्ष उप०। द्वितीय पक्ष वकालतनामा हाजिर। इण्टर वेन्स की ओर से कारण-पृच्छा दाखिल एवं दस्तावेज की प्रति दाखिल

पत्रावली बाद प्रथम पक्ष के आवेदन के आलोक में प्रारम्भ किया गया। तथा अंचल अधिकारी, सरिया एवं थाना प्रभारी, सरिया से प्रतिवेदन की मांग की गई। द्वितीय पक्ष नोटिस प्राप्त होने के पश्चात् उपस्थित नहीं हुये, बल्कि पोरवन दास वल्द स्व० बुधन दास उपस्थित हुये/ उक्त पोरवन रविदास एवं आवेदक (प्रथम पक्ष) एक ही खतियानी रैयत के वंशज हैं तथा उनका कहना है कि नामित विपक्षी कालो पंडित उनके द्वारा निर्माण कार्य कराये जा रहे

आदेश की क्र० सं० और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कारवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
1	2	3
	मकान के मजदूर है, अतः नामित विपक्षी कालो पंडित के स्थान पर उन्हें पक्षकार बनाया जाये। अतः इन्टरमेनर के रूप में पोखन राम का पक्ष लिया गया। आवेदक के अनुसार प्रश्नगत भूमि उनकी खतियानी जमीन है तथा लगातार रसीद कटती आ रही है। द्वितीय पक्ष के द्वारा उक्त भूमि पर जबरन निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। प्रथम पक्ष ने अपने दावे के समर्थन में सर्वे खतियान की छाया प्रति एवं राजस्व रसीद जो भन्वा चमार वगैरह के नाम पर निर्गत है की छाया प्रति दाखिल किया गया है। इन्टरमेनर के अनुसार उक्त भूमि पर उनके द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है जो उन्हें बटवारा में हासिल है। प्रथम पक्ष के द्वारा ~~उन्हें~~ उनके हिस्से की जमीन पर वाद लाया गया है जो उचित नहीं है। अंचल अधिकारी, सरिया ने प्रतिवेदित किया है कि प्रश्नगत भूमि पर	

आदेश की क्र० सं० और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कारवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
1	2	3
	प्रथम पक्ष का दखल-कब्जा है, परन्तु द्वितीय पक्ष के द्वारा मकान बना दिया गया है। दाखिल दस्तावेजों एवं कारण पृच्छा से स्पष्ट है कि प्रश्नगत भूमि उभय पक्ष की खतियानी जमीन है तथा एक ही रैयत के वंशज हैं। उभय पक्ष के मध्य विवाद इन्टरमेन्ट का कारण आपसी बँटवारा नहीं होना ~~में विवाद सहमति नहीं होने के कारण विवाद~~ है। जमीन के बँटवारा का निष्पादन इस वाद में नहीं हो सकता है, अतः उभय पक्ष को निर्देश दिया जाता है कि सक्षम न्यायालय में विवाद निपटारा के लिये जावे। चूँकि द.प्र.स. की धारा 144(4) के तहत निषेधाज्ञा मात्र 60 दिनों तक ही प्रभावी हो सकती है, अतः वाद की कार्यवाई समाप्त की जाती है। [signature] 27/6/23 SDM	

Digitally signed by KUNDAN KUMAR
Date: 2023.07.28 15:50:21 +05:30
Location: 192.168.1.10